उत्तर प्रदेश शासन
लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1
संख्या-8/2017/988/62-1-2017-01जीडब्लू/2014
लखनऊ दिनांक 27 जुलाई,2017

कार्यालय-ज्ञाप

उत्तर प्रदेश भूगर्भ जल विभाग (अभियन्ता और वैज्ञानिक) सेवानियमावली, 1999 (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2016 के सुसंगत प्राविधानों के परिप्रेक्ष्य में विभागीय पदोन्नति समिति के माध्यम से कराये गये चयन में प्राप्त चयन समिति की संस्तुतियों के आधार पर श्री अनिल कुमार मिश्रा, हाइड्रोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग खण्ड-चित्रकूटधाम (बांदा) को सीनियर हाइड्रोजियोलाजिस्ट के पद पर वेतनमान रू0 67700-208700 (पुराना वेतनमान वेतन बैण्ड-3, रू0 15600-39100, ग्रेड वेतन रू0 6600) में कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रोन्नत किये जाने की राज्यपाल महोदय एतद् द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2- यह आदेश कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी होंगे तथा इनकी परिवीक्षा अवधि एक वर्ष रहेगी।

3- उक्त प्रोन्नत अधिकारी की तैनाती के आदेश अलग से निर्गत किये जायेंगे।

नियुक्ति प्राधिकारी की ओर से,
मोनिका एस. गर्ग
प्रमुख सचिव ।

संख्या-8/2017/988(1)/62-1-2017, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।
(2) निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रोन्नत अधिकारी की योगदान आख्या प्राप्त करते हुए इनकी तैनाती का प्रस्ताव शासन को उपलब्ध करायें।
(3) निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0, लखनऊ को राजकीय गजट के आगामी साधारण अंक में प्रकाशन हेतु।
(4) अधीक्षण अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, मण्डल- प्रथम, बरेली ।
(5) संयुक्त निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, मण्डल-द्वितीय, इलाहाबाद ।
(6) अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग खण्ड-चित्रकूटधाम (बांदा)
(7) सम्बन्धित अधिकारी ।
(8) कोषाधिकारी, चित्रकूटधाम (बांदा)
(9) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(संजय शुक्ला
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in